तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

3 नए परिसीमन में विसंगतियां: कलेक्टर आवास निर्माणाधीन ननि प्रशासनिक भवन शामिल नहीं




SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

अंश
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.sc...
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

## धारा 34 ए, 420, 409 का मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

# पीएम आवास की राशि में हेराफेरी मामले में एसडीएम ने दो पूर्व सीईओ एवं बीएलई के विरूद्ध कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जनपद पंचायत मैनपाट में प्रधानमंत्री आवास योजना में करोड़ों की हेराफेरी के मामले में प्रशासन सख्त हो गया है। इस संबंध में खबर प्रकाशन के बाद प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के सख्त निर्देश पर कलेक्टर ने बुधवार को जनपद सीईओ अमन कुमार यादव को पद से पृथक कर जिपं कार्यालय में अटैच कर दिया था वहीं एसडीएम ने मामले में दो पूर्व जनपद सीईओ एवं एक बीएलई के विरूद्ध मैनपाट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**खास बात**

- जांच का दायरा बढ़ने पर लपेटे में आएंगे अन्य आरोपी

माना जा रहा है कि जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ेगा पूर्व में मैनपाट में सेवा देने वाले अधिकारी-कर्मचारी सहित पंचायत स्तर के कर्मचारी भी इस बड़े फजीवाड़े के लपेटे में आएंगे।


फर्जीवाड़े से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों में मचा हड़कंप
पीएम आवास की राशि में हेराफेरी के मामले में पहली कार्रवाई, हटाए गए जनपद सीईओ

जनपद पंचायत मैनपाट अंतर्गत पीएम आवास योजना में करोड़ों रूपए की हेराफेरी की गई है। जनपद के अधिकारी-कर्मचारी लम्बे समय से योजना की राशि अपात्र हितग्राहियों के खाते में जमा कर रहे हैं। इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने पंचायत स्तर पर ही योजनाबद्ध तरीके से पात्र हितग्राहियों के नाम का जॉब कार्ड अपात्र एवं दूसरे गांव के लोगों के नाम जारी की गई है। ग्राम पंचायतों से हितग्राहियों के दस्तावेजों का सत्यापन कराए बिना जनपद कार्यालय द्वारा योजना की राशि अपात्र लोगों के खातें में ट्रांसफर कर दी गई है। हरिभूमि ने मामले में 17 जून एवं 1 जुलाई के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर मामले को उजागर किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम रवि राही के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्टर हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे।

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रवि राही ने बुधवार को मैनपाट थाने में पूर्व जनपद सीईओ सागर चंद्रगुप्ता, जय गोविंद गुप्ता एवं बीएलई तसव्वर खान के विरूद्ध धारा 34ए, 420 एवं 409 के तहत मामला पंजीबद्ध कराया है। एसडीएम की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मैनपाट में पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़ा का खेल वर्ष 2018 के पूर्व से ही चल रहा है। पीएम आवास योजना के तहत मैनपाट में अब तक 7740 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिनमें लगभग 250 आवास की राशि में हेराफेरी करने का अनुमान है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि एसडीएम रवि राही की रिपोर्ट पर पूर्व जनपद सीईओ सागर चंद गुप्ता, जय गोविंद गुप्ता एवं बीएलई तसव्वर खान के विरूद्ध धारा 34ए, 420, 409 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### मजदूरी राशि में भी गड़बड़ी

पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को मजदूरी का भुगतान भी किया जाता है। मैनपाट के आवास हितग्राहियों के मजदूरी भुगतान में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। जनपद कार्यालय ने पीएम आवास के हितग्राहियों के खाते में मजदूरी राशि का भुगतान किया है लेकिन राशि हितग्राहियों के खाते में नहीं पहुंची है। जनपद कार्यालय द्वारा 465 आवास हितग्राहियों की मजदूरी राशि अन्य गांव के अपात्र लोगों के खाते में ट्रांसफर की गई है।

### कराई है एफआईआर

कलेक्टर के निर्देश पर दो पूर्व जनपद सीईओ एवं एक बीएलई के विरूद्ध धोखाधड़ी एवं शासकीय राशि का दुरूपयोग करने का मामला पंजीबद्ध कराया गया है। मामले में अपात्र लोगों से राशि की वसूली कर पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

-रवि राही
एसडीएम, सीतापुर

# सरगुजा से पुन: अयोध्या के लिए रवाना होगी आस्था स्पेशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राम लला के दर्शन का सरगुजा के श्रद्धालुओं को फिर से मौका मिलने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी श्री राम लला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना अंतर्गत सरगुजा जिले से निर्धारित कोटा में 17 जुलाई को स्पेशल ट्रेन आस्था के जरिए श्रद्धालु दर्शन को निकलेंगे। पूर्व यात्रा की भांति इस बार भी जिले से निर्धारित कोटा अनुसार अनुरक्षक सहित 170 दर्शनार्थी भेजे जाने हैं। यात्रा 17 जुलाई को शुरू होगी और 20 जुलाई को समाप्त होगी। कलेक्टर ने यात्रा हेतु आवेदन लेने और सूची तैयार कर आगामी समय सीमा की बैठक में प्रस्तुत करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। योजना के नोडल अधिकारी ने बताया कि आगामी 17 जुलाई को दर्शन हेतु श्रद्धालु निकलेंगे। यात्रा हेतु अगस्त और सितंबर माह की तिथियां भी निर्धारित कर दी गई हैं। अगस्त में 14 अगस्त और सितंबर में 10 सितंबर को यात्रा होगी। जिले से भेजे जाने वाले तीर्थ यात्रियों में नगर निगम के लिए 30, प्रत्येक नगर पंचायत के लिए 7 और जनपद पंचायतों के 17 कुल 170 सीट आबंटित किया गया है, जिनमें अनुरक्षक भी शामिल हैं। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

- 17 को जाएंगे दर्शनार्थी, 14 अगस्त व 10 सितंबर को भी जाएगी ट्रेन

# आठ लाख रुपए के नशीले इंजेक्शन फेंक कर फरार हुए तस्कर, पुलिस ने किया जब्त

**रामानुजनगर।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 लाख रुपए का नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। नशीले इंजेक्शन से भरा बोरी गांव में संदिग्ध रूप से मिला है। संभावना जताई जा रही है कि तस्कर पकड़े जाने के डर से नशीला इंजेक्शन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस फिलहाल मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत नशीला इंजेक्शन जब्त कर आरोपियों की तलाश कर रही है। बता दें कि सूरजपुर जिले में एसएसपी एमआर आहिरे के निर्देश पर नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम सुमेरपुर तालाब के समीप संदिग्ध रूप से दो प्लास्टिक बोरी पड़ी है और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ आई है। सूचना मिलने के बाद जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लावारिस पड़े प्लास्टिक बोरो की जांच की तो उनके भी होश उड़ गए। प्लास्टिक बोरियों में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन भरा हुआ था। पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित दवाई एविल इंजेक्शन 1480 नग व ब्यूप्रेनॉरफिन इंजेक्शन 1800 नग कुल 3280 नग नशीली इंजेक्शन बरामद किया है। बरामद किए गए इंजेक्शन की कीमत आठ लाख रुपए आंकी गई है। इस दौरान एसएसपी एमआर आहिरे के निर्देश पर एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेंद्र सिंह पुजारी के नेतृत्व में पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि तस्करों ने पकड़े जाने के डर से नशीला इंजेक्शन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 106 के तहत जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत अपराध दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, आरक्षक दीपक यादव, अमलेश्वर सिंह, देवान सिंह व सैनिक पंकज पटेल सक्रिय रहे।

* **सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम एवं उसके अधीन बनाए गए छत्तीसगढ़ आबकारी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम के अंतर्गत शासन द्वारा जारी निर्देश वर्ष 2024-25 नियम के अनुसार 17 जुलाई मोहर्रम पर्व पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

प्रवेश सूचना

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

सुभाष कान्वेंट हा.से.स्कूल उदयपुर में निम्नलिखित शिक्षिकों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा सहित आवेदन पत्र दिनांक 16/07/24 तक कार्यालय सुभाष कान्वें हा.स्कूल उदयपुर के नाम से भेजकर या स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।
आवश्यकता पड़ने पर 8770430005,7987198118 पर वाट्सएप कर सकते है।
अम्बिकापुर के आसपास के अभ्यर्थी सुभाष कान्वेंट कार्यालय रिंगरोड बौरीपारा में भी अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

| पद | विषय | पद |
|---|---|---|
| व्याख्याता | रसायन शास्त्र | 02 |
| व्याख्याता | जीव विज्ञान | 02 |
| व्याख्याता | भौतिक | 01 |
| व्याख्याता | गणित | 02 |
| व्याख्याता | हिन्दी | 02 |
| व्याख्याता | अंग्रेजी | 03 |

बी.एड., डी.एल.एड को प्राथमिकता, वेतनमान - योग्यतानुसार, डेमो के पश्चात निर्धारित की जाएगी
सुभाष कान्वेंट हा.से.स्कूल उदयपुर ✆ 8770430005, 6267109644



11- Ambikapur Bhoomi -pg 2_Layout 1 7/11/2024 10:07 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

**बैकुण्ठपुर।** छग की षष्ठम विधानसभा का तृतीय सत्र 22 से 26 जुलाई तक नियत की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्रावधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय या मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। अति आवश्यक कार्य एवं अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा एवं जिला स्तर के अधिकारी के अवकाश के लिए कलेक्टर से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।

### बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 14 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 से 12:15 बजे तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्र शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाना है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो जाए, इससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने के लिए अनुमति दी जा सके।

## पुलिस बल की कमी से जूझ रहा वनांचल जनकपुर का थाना

# थाने में 45 पद स्वीकृत, कार्यरत महज 15

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़/जनकपुर




जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से लगभग 110 किमी की दूरी पर प्रदेश की प्रथम विधानसभा भरतपुर-सोनहत के मुख्यालय जनकपुर में थाना में लंबे समय से पुलिस बल का अभाव बना हुआ है।

इस संबंध में कई बार क्षेत्र के लोगों ने जिले के आलाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण भी कराया, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल होती नहीं दिखाई पड़ रही। भरतपुर विकासखंड के लोगों ने सोचा था कि नई सरकार बनने के बाद कुछ बदलाव दिखाई पड़ेगा, लेकिन ऐसा भी होता नहीं दिख रहा। विधानसभा भरतपुर-सोनहत के मुख्यालय जनकपुर में नियम के अनुसार एक थानेदार, दो उप निरीक्षक, दो सहायक उप निरीक्षक, 4 हवलदार और 36 सिपाही पदस्थ होना चाहिए, लेकिन लोगों को जानकर आश्चर्य होगा कि अधिकारियों और पुलिस बल को मिलाकर जहां 45 पद स्वीकृत हैं, वहां महज अधिकारी व आरक्षक मिलाकर 15 लोग ही यहां पर पदस्थ हैं, ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि यहां पुलिस के कर्मचारी किस तरह से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पा रहे होंगे। लंबे समय से थाना जनकपुर में नगर निरीक्षक की नियुक्ति नहीं की गई। यहां एक सब इंस्पेक्टर को थाने का प्रभार दिया गया है। नगर निरीक्षक की जगह रिक्त पड़ी हुई है। दो सब इंस्पेक्टर की तैनाती होना चाहिए, लेकिन एक सब इंस्पेक्टर से काम चलाया जा रहा है।

इसी तरह दो एएसआई होना चाहिए, वहां एक एएसआई की नियुक्ति की गई है। चार हवलदार यहां तैनात हैं, यहां 36 सिपाहियों की नियुक्ति होना चाहिए, लेकिन यहां मात्र 9 सिपाही तैनात किए गए हैं। अभी हाल ही में जनकपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है, ऐसे में अब यहां पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल होना चाहिए। इस संबंध में आमजन ने विभाग के उच्चाधिकारियों एवं जिम्मेदार जन्म प्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण कराते हुए जनकपुर थाने में पर्याप्त पुलिस बल मुहैया करने का आग्रह किया है।

### 29 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को मिली नवीन पदस्थापना

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने जिले के 29 पुलिस अधिकारियों व आरक्षकों का फेरबदल आदेश जारी किया है। सूची में निरीक्षक अमित कौशिक थाना प्रभारी चिरमिरी को रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ व निरीक्षक विवेक पाटले को थाना प्रभारी चिरमिरी के रूप में पदस्थ किया गया है। इसी तरह सहायक उप निरीक्षकों में दिनेश्वर प्रसाद रवि चौकी प्रभारी कोड़ा को प्रभारी जिला विशेष शाखा, जगदेव कुशवाहा प्रभारी जिला विशेष शाखा को चौकी प्रभारी कोड़ा, दिनेश चौहान चौकी प्रभारी नागपुर को थाना जनकपुर, चित्रभान सिंह रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, अभिषेक पांडेय रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना मनेन्द्रगढ़, धनंजय पाठक रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से चौकी प्रभारी कुंवारपुर, सुनील सिंह रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ को चौकी प्रभारी नागपुर के रूप में पदस्थ किया गया है। वहीं प्रधान आरक्षकों में संजय निकुंज रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, विवेकमणी तिवारी रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना मनेन्द्रगढ़,हेमंत शर्मा थाना चिरमिरी से थाना मनेन्द्रगढ़, शैलेन्द्र केशरवानी थाना चिरमिरी से रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़, प्रिंस राय थाना कोटाडोल से थाना मनेन्द्रगढ़ एवं शंभू यादव चौकी कुंवारपुर से चौकी खोंगापानी पदस्थ किए गए हैं। इसी प्रकार आरक्षकों में जुगेश जायसवाल रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, रूपेश गुप्ता रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना मनेन्द्रगढ़, दिनेश्वर यादव रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, प्रमोद रौतिया रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, शैलेन्द्र सिंह रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से चौकी कुंवारपुर, सुरेन्द्र सिंह थाना मनेन्द्रगढ़ से थाना खड़गवां, प्रसन्न मोहंती रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से चौकी कुंवारपुर, विजय विश्वकर्मा रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से थाना चिरमिरी, दिनेश यादव चौकी नागपुर से रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़, संजय सिंह थाना जनकपुर से थाना पोंड़ी, मो.शहबाज थाना पोंड़ी से चौकी नागपुर, निजामुद्दीन थाना चिरमिरी से थाना झगराखांड एवं महिला आरक्षक साधना सरोज एक्का को थाना मनेन्द्रगढ़ से कंट्रोल रूम पदस्थ की किया गया है। एसपी चंद्रमोहन सिंह सभी स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना स्थल के लिए तत्काल आमद देना सुनिश्चत करने के लिए आदेशित किया है।

# केवी में शिक्षकों की कमी एक सप्ताह से क्लास सस्पेंड




**बैकुण्ठपुर।** शहर के रामपुर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यालय में बच्चों का अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। आलम यह है कि शिक्षकों की कमी के चलते केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा 6 वीं एवं 7 वीं के कक्षाओं को विगत एक सप्ताह से सस्पेंड कर दिया गया है, इसके कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि विद्यालय के प्राचार्य अवनी प्रकाश का कहना है कि जल्द ही उक्त कक्षाओं की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय रामपुर बैकुंठपुर में कई कक्षाओं की पढ़ाई नहीं होने की मुख्य वजह यह है कि विद्यालय के 12 शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया है, वहीं 4 शिक्षक स्पोटर्स में गए हैं तथा 3 शिक्षक वर्कशॉप में गए हैं। इस तरह विद्यालय के डेढ़ दर्जन से अधिक शिक्षकों के नहीं होने के कारण विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रभावित हुआ है, वहीं कक्षा 6 वीं एवं 7 वीं की पढ़ाई पूरी तरह से ठप्प हो गई है। इसके कारण विगत एक सप्ताह से केवी रामपुर बैकुंठपुर में उक्त कक्षाओं को सस्पेंड कर दिया गया है। उल्लेखनी है कि रामपुर बैकुंठपुर स्थित केन्द्रीय विद्यालय वर्ष 1979 से संचालित हो रहा है, जिसका संचालन की जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन के पास है। इस विद्यालय में पढ़ाई का स्तर अच्छा रहा है, लेकिन वर्तमान सत्र में एक साथ कई शिक्षकों के स्थानांतरण करा लेने एवं अन्य कई शिक्षकों को दूसरे गतिविधियों में संलग्न कर दिए जाने के कारण अध्ययन-अध्यापन का कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य अवनी प्रकाश ने कहा कि अब सभी कक्षाएं रेगुलर संचालित होंगी। व्यवस्थाएं सुधार की जा रही हैं।

■ प्राचार्य बोले- अब नियमित लगेंगी कक्षाएं

### विद्यालय के कई कमरे जर्जर

केन्द्रीय विद्यालय भवन के कई कक्ष जर्जर हो गए हैं। किसी कमरे में दरारे दिखाई दे रही है तो किसी कमरे का सीलिंग जर्जर हो गया है। इसके संबंध में पूर्व में शिकायतों के बाद एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मरम्मत की खानापूर्ति कर दी, ठोस तरीके से जर्जर कमरों की मरम्मत नहीं हो पाई है, जिससे कि खतरो के बीच विद्यार्थी यहां विद्या अर्जन करने को मजबूर हैं।

# आधे घंटे हुई बारिश, उमस से मिली राहत

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में बीते कई दिनों से बारिश थमी हुई थी, इससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था, वहीं बारिश के अभाव में धान का रोपा कार्य भी प्रभावित होने लगा था, इसी बीच 11 जुलाई को जिले के कई क्षेत्रों में आधे घंटे से अधिक समय तक राहत की बारिश हुई।

जानकारी के अनुसार जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्रों में 11 जुलाई को दोपहर के समय उमड़ते-घूमड़ते बादलों के बीच अचानक बारिश की शुरूआत हो गई और करीब पौन घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। इसी तरह कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित कई क्षेत्रों में आधे घंटे से अधिक समय तक बारिश हुई। कई दिनों के बाद हुई झमाझम बारिश के बाद मौसम कूल हो गया, इससे कि लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई।



### रोपा के लिए अभी अच्छी बारिश की दरकार

कोरिया जिले में जुलाई के पहले सप्ताह से ही कई क्षेत्रों में धान का रोपा कार्य शुरू हो गया, लेकिन इसी बीच बारिश थम जाने के कारण रोपा कार्य प्रभावित होने लगा था। इस बीच 11 जुलाई को बारिश हुई, लेकिन रोपा कार्य के लिए पर्याप्त नहीं है। अभी रोपा कार्य जोर पकड़ने के लिए जिलेभर में अच्छी बारिश की दरकार है, ताकि समय पर किसान रोपा कार्य को पूरा कर सके। वर्तमान में बारिश थमने के कारण कई किसान स्वयं पानी की व्यवस्था कर रोपा लगा रहे थे।

# ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा पटवारी गए हड़ताल पर

**बैकुण्ठपुर।** जिले के तहसील सोनहत अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में बीते 8 जुलाई से राजस्व पखवाड़ा की शुरूआत की गई, जो आगामी 18 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत तहसील सोनहत क्षेत्र के निर्धारित गांव में शिविर लगाकर राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

■ कामकाज हो रहा प्रभावित

वहीं इसी बीच प्रांतीय निकाय के आह्वान पर कोरिया जिले के पटवारी संघ अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, इसके कारण राजस्व पखवाड़ा के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में लग रहे शिविर में राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने में दिक्कते आ रही है। इसी बीच नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार भी अपनी मांगों को लेकर 10 से 12 जुलाई तक तीन दिन सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक हड़ताल पर रहने की सूचना कलेक्टर को दिए हैं। इस तरह विभिन्न ग्राम पंचायतों में लग रहे शिविरों में लोगों की शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार सोनहत तहसील में 8 जुलाई से शुरू राजस्व शिविर के क्रम में 12 जुलाई को रामगढ़, गरनई, कुर्थी, एतवार अमृतपुर, सेमरिया, सुकतरा, नवाटोला, देवतीडॉड़, हर्राडीह, सलकवॉकला, कर्री, कछाड़ी, मझगवांखुर्द रेवला, जोगिया, भागवतपुर, छिंगुरा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर आयोजित की जाएगी।

### शासकीय योजनाओं को हितग्राहियों तक पहुंचाने का करें प्रयास

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट बुधवार को समय-सीमा की बैठक में विभाग वार लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा की। इसमें न्यायालय प्रकरण अन्य लंबित प्रकरणों में राजस्व जिला पंचायत वरिष्ठ लिपिक शाखा, न्यायिक शाखा, वन विभाग, भू-अर्जन शाखा, पुरातत्व शाखा, खाद्य विभाग, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, आदिवासी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खनिज, श्रम, समाज कल्याण, लोक निर्माण, लीड बैंक, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, आबकारी, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, एसईसीएल, कृषि विभाग इत्यादि के प्रकरणों पर क्रमवार चर्चा करते हुए उन्होंने स्वीकृत हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागों को जैम पोर्टल से सामग्री खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की स्थिति जांच कर यथास्थिति से विभागों को अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ मद से जो आवश्यक कार्य उनके प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आमाखेरवा में बनने वाले जिला अस्पताल, आयुर्वेद अस्पताल, सीएमएचओ ऑफिस का चिन्हांकन करने के लिए निर्देश दिए, इसके लिए उन्होंने तहसीलदार और सीजीएससी के कर्मचारी को संयुक्त दौरा करने के निर्देश दिए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क./75/अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अरविन्द तिग्गा आ. श्री रीझन तिग्गा, जाति उरांव, निवासी ग्राम देवरी, तहसील बतौली, जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम झरगंवा, तहसील बतौली, जिला सरगुजा, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 324/4 रकबा 0.247 हे. में से रकबा 0.032 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/06/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सीतापुर जिला-सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन - शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

सरगुजा मार्केट

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

हृदय रोग ओपीडी
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 13 जुलाई 2024, शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9827872666

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S., M.D., DM (ENDO)
मधुमेह (शुगर), थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनॉक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.तुषार जैन
M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनॉक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते हैं एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. भुवन शर्मा MD, DM (Neurologist)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ... डॉ संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
रायपुर के सुप्रसिद्ध स्पाईन सर्जन एवं न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष टावरी MS, MCH (Neurosurgery)
14 जुलाई 2024 प्रत्येक माह के दूसरा रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
अमृत काढ़ा काजमी — यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती हैं!
विजरा माल्ट — यह दवा पुरुष बाँझपन एवं नपुसंकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा हैं! पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज
विजरा पावर — यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शिथिलता एवं शीघ्रपतन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूति करायेगा
निर्माता:-चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो.9826461355

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
EMERGENCY SERVICE 24X7
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanasi
दिनांक - 14 जुलाई 2024, रविवार
समय : सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक
रायपुर के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
दिनांक - 9 जुलाई से 13 जुलाई 2024
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक, शाम : 5 बजे से 8 बजे तक
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

KRTC.CO.IN
ACCREDITED WITH GRADE B+ NAAC
2008 से संचालित
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA | BCA | BSC BIO | BSC MATH | BSC COMPUTER SCIENCE | MCOM | MSW | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY
BCOM | BBA | BA | PGDBM | PGDCA | MSC MATH | MSC CS | MSC IT | MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें: पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़

आसरा महाविद्यालय
7987588781
9201487773
(AFFILIATED BY SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SURGUJA, AMBIKAPUR, C.G. & APPROVED BY HIGHER EDUCTION GOVT OF CHHATTISGARH)
B.SC-BIO - Botany, Zoology, Chemistry
B.A - History, Sociology, Political Science
B.C.A - All Compulsory Subjects
D.C.A - All Compulsory Subjects
P.G.D.C.A - All Compulsory Subjects
-: CAMPUS :- Jarhadih, Raghunathpur, Tehsil-Lundra, Dist - Surguja (C.G)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D)
822588500 (Hospital)
7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

## खबर संक्षेप

### जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत कल

**सूरजपुर।** जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोविंद नारायण जांगड़े द्वारा 13 जुलाई को जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों ही माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य अपराध एवं सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, परिवारिक मामले, राजस्व मामले व अन्य राजीनामा योग्य मामले तथा बैंक ऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्री लिटिगेशन मामलों को नेशनल लोक अदालत में रखे जाएगें। मामलों की सुनवाई हेतु जिला न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर में सुनवाई हेतु खंडपीठ का गठन किया जाएगा। राजस्व विभागों के मामलों की सुनवाई राजस्व न्यायालयों में की जाएगी जिसमें न्यायालय कलेक्टर, सभी अनुविभागीय न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालय शामिल है जहां सुनवाई हेतु खंडपीठ का गठन किया जाएगा।

### बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों पर हुआ व्याख्यान



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस पर छात्र-छात्राओं को बढ़ती जनसंख्या एवं उससे उत्पन्न चुनौतियों के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने बताया कि हमारे संसाधन, भू-भाग व अनाजों की उपलब्धता सीमित है किन्तु जनसंख्या साल दर साल तेजी से बढ़ रही है जिससे संसाधनों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान परिस्थितिओं में बढ़ती जनसंख्या की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाना असम्भव होगा इसलिए हमें छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा को अपनाकर जनसंख्या नियंत्रण में भागीदारी करना होगा। इस दौरान सहा.प्राध्यापक डॉ.तोयज शुक्ला, डॉ.बलराम साहू, रजनीकांत साहू, ग्रंथपाल पंकज कुमार, क्रीडा अधिकारी अशोक एक्का, सुरेन्द्र कोशले उपस्थित थे।

### किशोरी को पत्नी बनाकर रखा युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के जे एम क्यू कॉलोनी निवासी एक युवक द्वारा नाबालिग किशोरी को बतौर पत्नी बनाकर रखा गया,कुछ समय बीतने पश्चात नाबालिग किशोरी की तबियत खराब होने के बाद प्रेगनेंसी चैक कराने के दौरान जिला अस्पताल की महिला चिकित्सक को किशोरी के नाबालिग होने की आशंका हुई,तत्पश्चात उक्त मामले की खबर महिला चिकित्सक द्वारा कोतवाली पुलिस को की गयी,यहाँ पर हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी युवक शिवशंकर सोनी पिता बाबूलाल सोनी के खिलाफ धारा 376(2)(एन), 376(3) पोकसो अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर केस डायरी जांच के लिए बिश्रामपुर पुलिस को भेजा है। बिश्रामपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने और दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही किशोरी को बरामद किया है। सीतापुर पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। खोजबीन के बाद परिजन द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पुलिस से की गई। शिकायत के बाद मामले में पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेही राजपुर धंधापुर निवासी 19 वर्षीय सुरेश कौशिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ ले गया और जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को धारा 363, 366, 376 (2) (ढ), पोक्सो एक्ट की धारा 5(ठ), 6 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जॉन प्रदीप लकड़ा, सउनि शशिप्रभा दास, महिला आरक्षक अनामिका बड़ा, आरक्षक रुपेश महंत, परमित भगत शामिल रहे।

---

मामला खुलते ही एक टैंकर अचानक परिसर में खड़ा कर भागे

# नगर पंचायत से गायब हो गए तीन पानी टैंकर, एसडीएम ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**
- नपं के अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत, अनुपयोगी हो चुके टैंकर को बेचा

नगर पंचायत से तीन पानी टैंकरों के गायब होने का मामला सामने आया है। नगर पंचायत से पानी के टैंकर कब और कैसे गायब यह फिलहाल पता नहीं चल सका है लेकिन मामला उजागर होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। हैरानी की बात तो यह है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद जब एसडीएम ने मामले की जांच शुरू की तो एक टैंकर अचानक से ही परिसर में खड़ा हो गया हो लेकिन इस टैंकर को कौन और कब खड़ा करके गया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि कुछ लोगों द्वारा मिलीभगत कर टैंकरों में बेच दिया गया था इनमें से एक टैंकर नगर पंचायत क्षेत्र में ही निजी व्यवसायी द्वारा किराए पर संचालित किया जा रहा था। अधिकारी इस मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कह रहे है।

बता दें कि नगर पंचायत द्वारा नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर की खरीदी की गई थी। लम्बे समय तक उपयोग के बाद अनुपयोगी हुए टैंकर को कबाड़ की तरह खड़ा कर नए टैंकर की खरीदी कर ली जाती थी। इस दौरान कई टैंकर पार्षदों व विधायक मद से भी खरीदे गए। नगर पंचायत के गठन के बाद से अब तक लगभग 15 स 16 टैंकर खरीदने की बात कही जा रही है। इनमें से वर्तमान में 5 से 6 टैंकर ही उपयोग में लिए जा रहे है। शादी विवाह, अन्य समारोह के साथ ही गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति के लिए इनका उपयोग किया जा रहा है जबकि शेष सभी टैंकर कबाड़ की तरह पड़े थे। अनुपयोगी होने के बाद टैंकर को किनारे खड़ा कर दिया गया था और बताया जा रहा है कि असली खेल इन कबाड़ पड़े टैंकर से ही किया गया है। अनुपयोगी हो चुके टैंकर में से तीन टैंकर रहस्यमय ढंग से गायब हो गए। टैंकर नगर पंचायत के गैरेज में खड़े थे और इनमें सिर्फ छोटे मोटे मरम्मत की जरूरत थी। टैंकर कब और कैसे गायब हुए यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है लेकिन इसमें नपं के अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका संदेह के दायरे में आ गई है।



मामला उजागर होने के बाद जनपद कार्यालय में खड़ा टैंकर।

**इस तरह खुला मामला**

नगर पंचायत से तीन टैंकर गायब होने का मामला हाल ही सामने आया। दरअसल नगर पंचायत द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैंड में कुछ 11 दुकानों को सील किया गया। इनमें से ही एक व्यवसायी ने कार्रवाई के बाद नपं की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाते हुए नपं से टैंकर गायब होने का मामला उठाया। व्यवसायी द्वारा जब नपं के कर्मचारियों पर टैंकर गायब करने का आरोप लगाया गया तो इसकी चर्चा क्षेत्र में होने ली। इस मामले की शिकायत विधायक राम कुमार टोप्पो व एसडीएम रवि राही से की गए। शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने टैंकर गायब होने की जांच शुरू कर दी है। एसडीएम ने नपं कार्यालय पहुंचकर सीएमओ व कर्मचारियों से पूछताछ की। इस दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एसडीएम नाखुश नजर आए। उन्होंने पानी टंकी खरीदी से संबंधित दस्तावेज को तीन दिनों के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

**जांच शुरू होते ही पहुंचा एक टैंकर**

नगर पंचायत में कितने टैंकर की खरीदी हुई और वास्तविकता में तीन या उससे अधिक टैंकर गायब हुए इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है लेकिन जांच शुरू होते ही टैंकर चोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। यही वजह है कि आज अचानक एक टैंकर नगर पंचायत में आकर खड़ा हो गया। इस टैंकर को किसने और कब खड़ा किया यह पता नहीं चल पाया है। आम तौर पर नपं के टैंकर पीले और लाल रंग के है लेकिन आज परिसर में खड़ा किया गया टैंकर नीले रंग का है। बताया यह भी जा रहा है कि उक्त टैंकर नगर के ही एक व्यवसायी द्वारा किराए पर चलाया जा रहा और उसपर अपनी संस्था का नाम भी लिखवा रखा था। आज व्यवसायी ने टैंकर को रंग पेण्ट कराकर फिर से खड़ा कर दिया गया। इससे स्पष्ट है कि कबाड़ में खड़े सभी टैंकर उपयोगी है है और छोटे मोटे मरम्मत से इनका पुनः उपयोग किया जा सकता है।

**ट्रैक्टर एवं टैंकर खरीदी के नहीं है रिकार्ड**

नगर पंचायत द्वारा खरीदे गए ट्रैक्टर एवं पानी टंकी का कार्यालय में पर्याप्त दस्तावेज उपलब्ध नही है। सालों पूर्व हुई खरीदी से जुड़े दस्तावेज संधारण करने की कोशिश किसी ने नही की। जिसकी वजह से नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी ट्रैक्टर एवं पानी टंकी खरीदी के संबंध में पुख्ता जानकारी नही दे पा रहे है। इसी बात का फायदा उठाते हुए नगर पंचायत से अनुपयोगी पानी टैंकर को गायब कर दिया गया। अब एसडीएम द्वारा तीन दिन के अंदर मांगे गए दस्तावेज जुटाने में अधिकारी कर्मचारियों के हाथ पांव फूल रहे है।

**बुलाई गई बैठक**

पानी टैंकर बेचे जाने की घटना गंभीर है। इस संबंध में परिषद की बैठक बुलाई गई है। बैठक के दौरान सभी पार्षदों द्वारा एकमत से जो निर्णय लिया जायेगा उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-प्रेमदान कुजूर, अध्यक्ष नपं

**की जाएगी कार्रवाई**

मामला काफी संगीन है। जांच के दौरान पूछताछ में अधिकारी कर्मचारी जवाब नहीं दे पाए। पानी टैंकर को लेकर गड़बड़ी की गई है। तीन दिनों में दस्तावेज पेश करने कहा गया है। मामले की जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-रवि राही, एसडीएम

---



## शिक्षकों की अनुपस्थिति में सफाई कर्मचारी, रसोईया संभालते हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- बीईओ ने लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भेजा प्रस्ताव
- ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त, शराब पीने का लगाया आरोप

ग्राम तिलहर डुगू स्थित प्राथमिक शाला भारी अव्यवस्था के बीच संचालित हो रही है। आलम यह है कि शिक्षकों की अनुपस्थित में स्कूल के सफाई कर्मचारी व रसोईया स्कूल को संभालते और बच्चों को पढ़ाते है। शिक्षकों की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इधर शिकायत पर बीईओ ने लापरवाही बरतने पर शिक्षकों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव बना कर उच्चाधिकारियों को भेजा है।

विकासखंड उदयपुर से लगभग 10 किमी दूर स्थित तिलहर डुगु प्राथमिक शाला में भारी अव्यवस्था मिली है। विद्यालय में दो शिक्षक पदस्थ है जो कभी कभार ही स्कूल आते है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है किस्कूल में पदस्थ एक शिक्षक शराब पीता है और दोनो ही शिक्षक कभी कभार स्कूल आते हैं ऐसे में शिक्षको से विभाग भी परेशान हैं। कई बार जांच में लापरवाही भी पाया गया है और उन्हें नोटिस भी दिया गया लेकिन उन पर कोई असर नहीं पड़ा। कई बार देखा गया है कि स्कूल में शिक्षकों की अनुपस्थित में स्कूल के सफ़ाई कर्मचारी एवं रसोइया को संभालना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जिले में शाला प्रवेश उत्शव मनाया जा रहा है लेकिन प्राथमिक शाला तिलहर डुग्गु के बच्चे शिक्षक के लिए तरसते नजर आ रहे है। नए शिक्षा सत्र शुरू हुए कई दिन हो चुके है लेकिन आज तक शाला प्रवेश उत्सव नहीं मनाया गया। स्कूल तो खुलता है मगर केवल मध्यान भोजन के लिए और स्कूल में सफ़ाई भी होती है लेकिन पढ़ाई नही।

**नदारद रहते है शिक्षक**

शिक्षा विभाग स्कूल में चार स्टाफ की नियुक्ति की है, जिसमे एक प्रधान पाठक,एक सहायक शिक्षक व सफाई कर्मी और रसोइया है। शिक्षक के नदारद रहने से सफाई कर्मी और रसोईया ही पूरे स्कूल को संभालते हैं। प्रधान पाठक व शिक्षक महीना में दो-चार दिन ही स्कूल आकर हाजिरी रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज कर चले जाते हैं। जिसके बाद सफाई कर्मी व रसोईया के भरोसे स्कूल का संचालन होता है।

**जारी किया गया नोटिस**

दोनों शिक्षकों के लापरवाही रवैया के कारण पूर्व में नोटिस जारी किया गया था लेकिन अभी तक दोनों में सुधार नहीं आया। दोनों शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई करने प्रस्ताव बनाकर उच्चाधिकारियों भेजा गया है।

-रविकांत यादव, बीईओ उदयपुर

---

## स्कूलों के निरीक्षण के लिए बीईओ ने बनाई 40 सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

- अधिकारी कर रहे दो-दो स्कूलों का निरीक्षण

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से इस बार सत्र की शुरूआत से ही स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग करने की योजना बनाई गई है। विकासखण्ड स्तर पर इसके लिए 40 लोगों की टीम बनाई गई है तथा हर व्यक्ति को प्रतिदिन दो स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को शिक्षा की गुणवत्ता का परीक्षण करने के साथ ही बच्चों की उपस्थिति पर भी ध्यान रखने निर्देशित किया गया है।

विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में प्रवेश के बाद स्कूल छोड़कर बच्चों के घरेलू काम में व्यस्त रहने की शिकायतें आम हैं। अधिकांश बच्चे स्कूल न जाकर मवेशियों को चराने में व्यस्त रहते हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों के अनुपस्थित रहने या पूरे समय उपस्थित न रहने की शिकायतें मिलती हैं। इन गंभीर समस्याओं के निराकरण के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए बीईओ योगेश शाही ने 40 सदस्यीय निरीक्षण दल का गठन किया है। बीईओ,एबीईओ एवं बीआरसी कार्यालयीन व्यस्तता के कारण बीच-बीच में स्कूलों का निरीक्षण करते हैं। अब निरीक्षण दल में विकासखण्ड के 12 संकुल प्राचार्य एवं 25 संकुल समन्वयकों को भी शामिल किया गया है तथा सभी को नियमित दो स्कूलों का निरीक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निरीक्षण प्रतिवेदन भेजने के लिए गूगल शीट विकसित किया गया है। अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान बच्चों से सवाल कर शिक्षा की गुणवत्ता का परीक्षण करने एवं बच्चों की दर्ज संख्या एवं उपस्थिति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लॉक स्तर पर हर सप्ताह निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा कर स्कूलों की कमियों को दूर करने की भी पहल की जा रही है। विभाग की इस पहल से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ रही है वहीं शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार आ रहा है।

इस संबंध में बीईओ योगेश शाही ने बताया कि स्कूलों के नियमित निरीक्षण से शिक्षकों एवं बच्चों में पठन-पाठन के प्रति रूचि बढ़ी है।

---

## एक्सवेशन वर्कशाप से लोहे के खंबे चोरी करने के मामले में चार कबाड़ चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

एसईसीएल बिश्रामपुर के सब स्टेशन , एक्सवेशन समेत कुमदा 7/8 खदान क्षेत्र से लोहे के पोल व बेशकीमती कलपुर्जे चोरी मामले में पुलिस ने गुरुवार को चार कबाड़ चोर को गिरफ्तार कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि सोमवार को दिनदहाड़े एसईसीएल बिश्रामपुर के सब स्टेशन, एक्सवेशन वर्क शॉप स्थित डीजल डिपो को विद्युत सप्लाई के लिए बिछाए गए तीन नग लोहे के खंभे को कटर मशीन से काटकर चोरों ने पार कर दिया था। साथ ही वहां पड़े लोहे के पांच नग पाइप भी साथ ले गए थे।

विद्युत सप्लाई के लिए लगाए गए खंभों को काटकर पार करने की वजह से सोमवार को दिन भर प्रबंधन के डीजल सप्लाई का कार्य बाधित रहा। देर शाम को प्रबंधन ने काटे गए पोल के जगह दूसरा पोल लगाकर पॉवर सप्लाई चालू कराया था, जिसके बाद यहां व्यवस्था सामान्य हो पाई थी। इसी तरह चोरों द्वारा कुमदा 7/8 खदान से राई सबरसियल में एल्मियुनियम कंडक्टर एक से दस खंभों के बीच का, एक नग बिसिबी चोरी कर लिया गया था। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर कबाड़ीपारा निवासी क्रमशः 24 वर्षीय दीपू बरई पिता शंकर बरई, 21 वर्षीय सुधीर सिंह उर्फ सानू सिंह पिता सुखदेव, 27 वर्षीय गुलाब सिंह पिता स्व. बबन सिंह व शिवनंदनपुर भाथूपारा 25 वर्षीय शनि बरई पिता बरदा बरई को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में चारों आरोपियों द्वारा अलग अलग स्थानों से एसईसीएल क्षेत्र के बेशकीमती सामान की चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकारी है।

पुलिस द्वारा आरोपी दीपू बरई पिता शंकर बरई के पास से 1 लोहे का पाईप एवं घटना में प्रयुक्त हैक्सा आरी ब्लेड, शनि बरई पिता बरवा बरई से 1 लोहे का पाईप एवं घटना में प्रयुक्त हैक्सा आरी ब्लेड, सुधीर सिंह उर्फ सानू सिंह पिता सुखदेव सिंह से 2 नग लोहे का पाईप, गुलाब सिंह पिता स्व. बबन सिंह से 1 लोहे का पाईप जब्त किया है। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (3), 3 (5) के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है।

---

## टांगी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रामानुजनगर।** जमीन विवाद को लेकर टांगी से युवकों पर प्राणघात हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर चारपारा निवासी बजरंग सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव के ही चंद्रभान सिंह से पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। चंद्रभान उसकी भूमि को अपना बताकर अक्सर विवाद करता है। गत दिन विवादित भूमि पर चंद्रभान ट्रैक्टर से जुताई करा रहा था। इसी दौरान भाई सूरज सिंह व मनोज सिंह मौके पर पहुंचे और जुताई करने से मना किया तो चंद्रभान ने दोनों पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिए। मारपीट से दोनों घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 109 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## छात्राओं को दी गई नए कानून की जानकारी



**लखनपुर।** तीन नए कानून को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत पुलिस द्वारा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने स्कूल में छात्राओं को एक जुलाई से लागू हुए तीन नवीन कानूनों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने भारतीय न्याय संहिता व अन्य कानूनों के फायदों से अवगत कराया। इस दौरान प्राचार्य शशिधर पांडेय, शिक्षक प्रमान राजवाड़े, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, राकेश यादव व बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।

---

दवा दुकान के आड़ में करते हैं उपचार, लोगों के स्वास्थ्य से कर रहे खिलवाड़

# झोलाछाप डॉक्टर के चंगुल में फंसे भोले भाले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आ गई है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से भोले भाले ग्रामीणों का उपचार कर अपनी जेबे गरम करने में लगे हुए है। बावजूद इसके प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग उदासीन रवैया के कारण झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद है।

बरसात का मौसम शुरू होते ही मौसमी बीमारी काफी बढ़ जाती है। ऐसे मौसमी बीमारियों के कारण झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के लचर कार्य प्रणाली के वजह से झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाठ नहीं होने के कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर बड़ा से बड़ा इलाज कर बीमारी को और भी ज्यादा गंभीर करते रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर अपने तजुर्बे के हिसाब से बड़े-बड़े बीमारियों का इस तरह से दवा करते हैं मानो कोई विशेषज्ञ चिकित्सक हो। दवा दुकान के आड़ में ही बिना लाइसेंस के ही कई दुकानों में इलाज हो रहे हैं। बिना प्रशिक्षित डॉक्टर बीएमएस की डिग्री लेकर एमबीबीएस से भी बढ़कर तजुर्बेकार डॉक्टर बन गए हैं। क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर की बढ़ती संख्या देखकर ग्रामीण भी आश्चर्यचकित है। ग्रामीण भी उनसे इलाज कराने के लिए बाध्य हो जाते।



दुकान के सामने मरीजों की भीड़, इनसेट में उपचार कराते परिजन।

**करते है नशीले दवा का कारोबार**

झोलाछाप डॉक्टर दवा दुकान की आड़ में नशीले दवाई कोरेक्स, ओनरेक्स, नशीले इंजेक्शनों का बिक्री भी धड़ल्ले से कर रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर की वजह से लोगों की बीमारियों से निजात नहीं मिलता बल्कि उनकी जेब खाली हो जाती है। स्वास्थ्य बिगड़ जाने के बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं।

**बना रखे है अस्पताल**

कई अवैध दवा दुकान के आड़ में अस्पताल नगर में ऐसे संचालित हो रही है मानो कोई नया अस्पताल खुला हो। बड़े से बड़े गंभीर इलाज अस्पताल के नाम से लोगों को भर्ती कर उपचार किया जाता है। जहां छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के नियमों को ताक पर रखकर मेडिकल व अस्पताल सहित कई बीमारियों का इलाज पूरी व्यवस्था के साथ बेड लगाकर किया जाता है। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की नजर नहीं पड़ने व कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**की जाएगी कार्रवाई**

जिले में दवा दुकान की आड़ में लोगों का उपचार कर रहे है तो टीम बनाकर छापामार कार्रवाई की जाएगी। पकड़े जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. आरएस सिंह, सीएमएचओ

---

## कार की टक्कर से मॉर्निंग वॉक पर निकले कंपनी मैनेजर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव



पत्नी के साथ मॉनिंग वॉक पर नकले अदानी माइंस में कार्यरत केजेएस कंपनी के मैनेजर को केजेएस कंपनी के ही ओवरमैन कार सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में मैनेजर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ओवरमैन ने कार सहित थाने में सरेंडर कर दिया।

जानकारी के अनुसार आज सुबह अदानी माइंस के केजेएस कंपनी का मैनेजर अमरदेव यादव (58 वर्ष) पत्नी के साथ मॉर्निंग वॉक करते हुए घर से सौ मीटर दूर पहुँचे थे। इसी बीच पत्नी शिव मंदिर में पूजा के लिए फूल तोड़ने के बाद पति साथ शिवमंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान केजेएस कम्पनी में असिस्टेंट ओभर मेन के पद पर पदस्थ यशवंत रावत ने कार क्रमाक सीजी 15 डीई 3342 से परसा की ओर जा रहा था और तेज गति से चलाते हुए सड़क किनारे खड़े अपने अधिकारी को ही टक्कर मार दिया। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्घटना में अमरदेव की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया और थाने में कार सहित सरेंडर कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात कार चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### मुस्कान पहले प्रयास में बनी सीए



**रजपुरी कला।** लखनपुर निवासी मुस्कान मित्तल ने सीए में पहले ही प्रयास में टॉप करके क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मुस्कान मित्तल आ. स्व. अनिल मित्तल कक्षा 6वी से 12वीं तक की पढ़ाई कान्वेंट स्कूल इंग्लिश मीडियम अंबिकापुर में की। वे सीए का इंट्रेंस परीक्षा पास करके सरगुजा का नाम रोशन किया है। मुस्कान ने बताया कि आगे कि पढ़ाई रायपुर जाकर की और सीए के तैयारी के लिए लगातार उनके बहन सुरभि मित्तल का सहयोग रहा। साथ ही मामा के सहयोग से मन लगाकर पढ़ाई की। सीए बन जाने के बाद दो तीन वर्ष अभ्यास करेंगे और पूरे समर्पण के साथ सत प्रतिशत मेहनत करके आगे सेवा करेंगे।

### मारपीट के मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सूरजपुर।** युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व पत्रकार के साथ मारपीट करने को लेकर आज कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, प्रदेश महासचिव राहुल जायसवाल, विधानसभा अध्यक्ष परमेश्वर राजवाड़े, विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार, नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज गुप्ता, महासचिव दीपक कर, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव सरफराज सैयद अमिल, कौनेन अंसारी, राजेश साहू, अफरोज खान, गोविन्दा राजवाड़े ,नदीम, छत्रपाल सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

### बच्चों ने स्कूल परिसर में किया पौधरोपण



**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। स्कूल के ईको क्लब के बच्चों द्वारा 50 से ज्यादा छायादार, फलदार एवं अन्य प्रकार के वृक्षों के पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उमंग एवं उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फा. सेबास्तियन तिग्गा ने पर्यावरण संरक्षण, उनकी महत्ता, धरती सबकी माता विषय पर प्रकाश डाला एवं बच्चों को हर साल कम से कम एक पेड़ लगाने एवं उनकी रक्षा करने के लिये प्रेरित किया। फा. मनोज लकड़ा ने हरितिमा नर्सरी से विभिन्न प्रकार के पौधों की व्यवस्था की। इस दौरान स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका रमेश, सुशील टोप्नो, अजय बरवा, सुशील लकड़ा, अजय कुजूर, प्रभा टोप्पो, रंजिता तिग्गा, सीमा बड़ा, प्रियंका एक्का, पुष्पा एक्का एवं ईका क्लब के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सीढ़ी से गिरा ग्रामीण उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर की मरम्मत करने के दौरान ग्रामीण सीढ़ी से गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बंधा निवासी जय सिंह (55 वर्ष) 7 जुलाई को घर के छप्पर का मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी से अचानक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल से रेफर किए जाने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन के पास रुपए की कमी हो जाने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## निधन

### अर्जुन सिन्हा



**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत जयनगर बाजारपारा निवासी अर्जुन सिन्हा का ह्रदयाघात की वजह से निधन हो गया है। वे 57 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को कुंजनगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि छोटे पुत्र विनय सिन्हा ने दी। वे अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

### कांग्रेस ने कहा सत्ताधारी दल के कार्यालय से आए प्रस्ताव पर लगाया गया सील मोहर

# नए परिसीमन में विसंगतियां: कलेक्टर आवास निर्माणाधीन ननि प्रशासनिक भवन शामिल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कांग्रेस कार्यालय में पार्षद व पदाधिकारियों की बैठक

नगर निगम में परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस दौरान विसंगतिपूर्ण परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए है। कांग्रेस का आरोप है कि अधिकारीयों ने ऐसा विसंगतिपूर्ण परिसीमन किया है कि उसमें कलेक्टर सरगुजा का निवास क्षेत्र और निगम का निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन किसी वार्ड का ही हिस्सा नहीं है। इधर परिसीमन को लेकर शुरू हुए विरोध के बाद कलेक्टर ने परिसीमन प्रकाशन के बाद पुनः परिसीमन की तिथि 12 जुलाई तक बढ़ा दी है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित बैठक के दौरान सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ में सर्वाधिक विसंगतीपूर्ण परिसीमन अम्बिकापुर में किया गया है। शहर के किसी भी नागरिक ने निगम के किसी भी सर्वेक्षक द्वारा वार्डों का सर्वे करते या पंचनामा बनाते नहीं देखा है। लगता है कि सत्ताधारी दल के कार्यालय से परिसीमन को लेकर जो प्रस्ताव आया है उसे निगम प्रशासन ने बंद कमरे में सील-मोहर लगाकर स्वीकृति दे दी है। शहर के आबादी के अनुसार वार्डों की आबादी 2610 लोगों की होनी चाहिए किन्तु वार्डों की सीमाओं को बदलने, वार्डों में क्षेत्रों के जोड़ने और हटाने के बावजूद आबादी के कॉलम को यथावत रखा गया जो आश्चर्यजनक है। एमआईसी सदस्य शफी अहमद ने कहा कि परिसीमन से नहीं बल्कि परिसीमन के कारण शहर के नागरिकों के लिए उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर हैरान परेशान हैं। परिसीमन से प्रभावित नागरिकों के पते में अब वार्ड का नंबर बदल जाएगा जिससे उन्हें प्रशासनिक कार्यकलाप में दिक्कत होगी। पासपोर्ट धारकों को तो पता बदलवाने में भारी समस्याओं का सामना करना पडेगा। परिसीमन से प्रभावित लोगों को अब नये मतदान केंद्रों में मतदान हेतु जाना पडेगा। कुल मिलाकर भाजपा अम्बिकापुर शहर में अपनी जीत की संभावनाओं के प्रयास में शहरवासियों को समस्याओं में धकेल रही है। जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी 15 जुलाई को निगम क्षेत्र के सभी 48 वार्डों के विसंगतिपूर्ण परिसीमन को लेकर एकमुश्त आपत्ती कलेक्टर को सौपेगी। कांग्रेस पार्षद व कार्यकर्ता अपनी आपत्ति 13 जुलाई तक जिला कांग्रेस के पास जमा कराएं। इसके अतिरिक्त पार्षद स्वतंत्र रूप से भी आपत्ति दर्ज करा सकते है। वहीं उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव द्वारा दिए गए सन्देश की जानकारी दी कि कांग्रेस जल्द ही वार्ड कमेटियों का गठन करेगी। कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव लड़ने वाली है। विसंगतिपूर्ण वार्ड परिसीमन कर भाजपा इस चुनाव को जीतने का प्रयास कर रही है लेकिन हम उन्हें बडे अंतर से हरायेंगे। बैठक को बालकृष्ण पाठक, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, जिपं अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, मो. इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता, सीमा सोनी, विकल झा ने भी संबोधित किया।




बैठक को संबोतित करते एमआईसी सदस्य।

### पहले गौरी वार्ड में था कलेक्टर आवास

बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि नया परिसीमन अनोखा है। इस परिसीमन में तो कलेक्टर सरगुजा के निवास का क्षेत्र और निगम का निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन किसी वार्ड का ही हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विसंगतिपूर्ण परिसीमन से नागरिकों को होने वाली असुविधा से बचाने के लिए कांग्रेस उच्च न्यायालय तक जायेगी। बताया जा रहा है कि पहले कलेक्टर आवास गौरी वार्ड में था। अब गौरी वार्ड क्रमांक 29 पुलिस लाइन शंकर मंदिर से प्रारम्भ होकर सुधाकर सिंह के घरसे राज अवस्थी के घर होते हुए पुराना डीईओ ऑफिस होते हुए रिंग रोड से स्व. संजय मिश्रा के घर तक। स्व. संजय मिश्रा के घर से प्रारंभ होकर सुभाष कान्वेंट स्कूल होते हुए अलका इंडस्ट्रीज तक। अल्का इंडस्ट्रीज से राजेश किराना से स्कूल रोड गुरुनानक चौक से शिवजी चौक तक। शिवाजी चौक से प्रारंभ होकर हरमिंदर सिंह टिन्नी का घर होते हुए संतोष सिंह अधिवक्ता के घर के सामने से होते हुए होमगार्ड के कोने से शासकीय आवास होते हुए पुलिस लाइन शंकर मंदिर तक निर्धारित है। इसमें कलेक्टर का आवास शामिल ही नहीं हो रहा है।

### विरोध के बाद बढ़ी तिथि

विरोध व असंतोष के बीच परिसीमन की तिथि में वृद्धि कर दी गई है। कांग्रेस द्वारा लगातार लगाए जा रहे आरोप के बाद नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु वार्डों के परिसीमन के सम्बन्ध में समय में वृद्धि की गई है। 12 जुलाई तक नगर पालिक/नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण सम्बन्धी प्रस्ताव तैयार किया जाना है। जिसके पश्चात 15 जुलाई से 22 जुलाई तक नगर पालिक/नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 7 के तहत वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर आपत्ति एवं सुझाव को आमंत्रित किए जाने हैं। 25 जुलाई तक नियम 8 के तहत जिला कलेक्टर के द्वारा नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति, सुझाव एवं उन पर अपना अभिमत सहित संपूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन का प्रेषित किया जाएगा।

## प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर की आत्महत्या संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- महिला की लाश मिली अर्धनग्न अवस्था में, जांच में जुटी पुलिस

प्रेमी जोड़े का संदिग्ध परिस्थियों में फांसी पर लटका शव बरामद किया गया है। मृतक मृतिका शादी शुदा थे और घर से भागकर अलग रहते थे। एक सप्ताह पूर्व ही दोनों वापस अपने गांव लौटे थे और बुधवार को दोनों का शव ढोढ़ी किनारे पाया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शवों को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि मूलतः जशपुर जिले के फरसाबहार तुमला अंकिरा निवासी 26 वर्षीय मंजू चौहान आ. धनीराम चौहान का विवाह 29 अप्रैल 2018 को कांसाबेल बरजोर में हुआ था।

महिला का एक पांच वर्ष पुत्र है। महिला अपने ससुराल में ही गेंदाफूल की खेती करती थी और गेंदाफूल की सप्लाई प्रदेश के साथ ही उड़ीसा तक करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान सीतापुर गेरसा निवासी 35 वर्षीय जयभान चौहान आ. बिहारु चौहान से हुई। जयभान चौहान भी शादी शुदा है और उसके पहले से दो बच्चे है। व्यवसाय के दौरान जयभान और मंजू चौहान के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया और एक वर्ष पूर्व दीपावली के समय दोनों अपने अपने परिवार को छोड़कर साथ भाग गए थे और अपना जीवन यापन कर रहे थे। इसी बीच लगभग एक सप्ताह पूर्व जयभान चौहान अपनी दूसरी पत्नी मंजू चौहान को लेकर वापस गांव लौटा था और अपनी पहली पत्नी व बच्चों के साथ घर में रह रहा था।

इस बीच जयभान की पहली पत्नी मां की तबियत खराब होने पर अपने गांव पेट गई हुई थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को जयभान और मंजू घर से आधा किमी दूर स्थित ढोढ़ी में नहाने के लिए गए हुए थे लेकिन उसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे। बुधवार की सुबह दोनों का शव ढोढ़ी किनारे ही पेड़ से लटका मिला। इस दौरान मृतिका की लाश अर्धनग्न अवस्था में थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद मृतकों की पहचान जयभान व मंजू चौहान के रूप में की गई। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर युवक के शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया लेकिन घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मृतिका के परिजन ने लाश लेने से इनकार कर दिया। परिजन ने मंजू चौहान व जयभान की हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया और पुनः पीएम कराने की मांग की। हालांकि पुलिस ने आज परिजन को समझाकर लाश सौंप दिया सौंप दिया जिसके बाद आज गांव में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

## पांच वर्ष की बच्ची से छेड़छाड़, आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दो वर्ष पूर्व की घटना, कोर्ट ने सुनवाई के बाद सुनाई सजा

पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने वाले आरोपी युवक को कोर्ट ने सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी युवक को अलग अलग धाराओं के तहत अधिकतम पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई 2022 को दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पतराटोली सलका निवासी 25 वर्षीय राजधानी गुप्ता आ. स्व. किशुन गुप्ता के घर खेलने के लिए गई हुई थी। इस दौरान आरोपी युवक ने बच्ची के अकेले होने का फायदा उठाकर उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। घटना के बाद डरी सहमी बच्ची वापस घर लौट आई। बच्ची घर पर रो रही थी ऐसे में जब मां ने बच्ची से रोने का कारण पूछा तो बच्ची ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर माता पिता ने थाने पहुंचकर 9 जुलाई को घटना की शिकायत की थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजधानी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में गुरुवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश कुमार सिन्हा ने पैरवी की और आरोपी को कठोर सजा देने की मांग की। न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री जगदल्ला ने आरोपी राजधानी गुप्ता को आईपीसी की धारा 354, धारा 7, 8 एवं 9 (ड)/10 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत क्रमशः 3 वर्ष व 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी पर 500, व 1-1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है व अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6-6 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास का आदेश दिया है। वहीं कोर्ट ने बच्ची को क्षतिपूर्ति योजना के तहत 1 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की अनुशंसा की है।

## विद्युत केबल चोरी होने से डोढगापारा में दो माह से अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सीमा विवाद का दंश पिछले दो महीने से ग्राम पंचायत कुम्दाबस्ती के डोढगापारा के लोगों को ढिबरी युग में जीवन यापन करके भुगतना पड़ रहा है। सुरजपुर व बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के अधिकारियों द्वारा एक दूसरे को जिम्मेदार बताकर चोरी गए विद्युत केबल की बजाय नई केबल नहीं बिछाए जाने से विद्युत आपूर्ति दो महीने से गांव में बंद पड़ी हुई है, गांव में अंधेरे की वजह से आमजन को खासी परेशानी का सामना करने विवश होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुम्दाबस्ती के डोढगापारा में करीब दो महीने पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा करीब सौ मीटर विद्युत केबल की चोरी कर लिया गया है। जिस वजह से गांव के करीब 15-20 घरों के लोगों को ढिबरी युग में जीवन यापन करने विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गंभीर समस्या की ओर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, बावजूद इसके आज तक अधिकारियों द्वारा आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उक्त मोहल्ले में दो महीने से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को जहां एक ओर कृषि कार्य हेतु प्रभावित होना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। साथ ही रात के अंधेरे में जहरीले सांप, बिच्छू के भी घरों में प्रवेश करने का भय ग्रामीणों के मन में बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर जब केबल चोरी की वजह से अंधेरा व्याप्त होने की सूचना बिश्रामपुर के विभागीय अधिकारियों को दी गई तब पहले अधिकारियों द्वारा कहा गया कि मुहल्ले में कनेक्शन बहुत कम है। इसके पश्चात ग्रामीणों द्वारा मुहल्ले के लोगों से जब कनेक्शन हेतु आवेदन पत्र विभाग में जमा कराया गया तो अब यह जवाब दिया जा रहा है कि उक्त क्षेत्र सुरजपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि वास्तविकता यह है कि यहां पर खंभा, तार, कनेक्शन सब बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के अधीन है, यहां पर केवल विद्युत कनेक्शन सूरजपुर वाले पोल से लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कुंभकर्णीय नींद सो रहे विभागीय अधिकारियों द्वारा जल्द ही व्यवस्था सुदृढ़ करके आमजन को विद्युत व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



## मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम 17 को

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम सद्भावना पूर्वक मनाया जाएगा। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी व नायब सदर अफजाल अंसारी ने बताया कि इमाम हसन हुसैन की याद में मोहर्रम का पर्व 7 से 17 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान शहर सहित जिलेभर के सभी चौकों पर फातिहाखानी की जाएगी। मोहर्रम के अवसर पर 14 जुलाई को कर्बला में फातिहाखानी का आयोजन होगा जबकि 15 जुलाई को छोटी चौकी के दिन सभी चौकों पर फातिहखानी व लंगर होगा। 16 जुलाई को बड़ी चौकी व 17 जुलाई को पहलाम के दिन फातिहाखानी व लंगर सहित अन्य आयोजन होंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के एक कमरे में पढ़ाई कर रहे 41 बच्चे

- राशि स्वीकृत होने के बाद भी नहीं बना भवन

**लखनपुर।** शासन द्वारा स्कूल भवन के लिए राशि जारी हुई लेकिन टेंडर होने के बाद काम शुरू नहीं हुआ। ठेकेदार द्वारा काम शुरू नहीं करने पर राशि वापस हो गई और अब 41 बच्चे आंगनबाड़ी भवन के एक कमरे में बैठकर पढ़ाई करने को मजबुर है। तीन शिक्षक छोटे से कमरे में बच्चों को पढ़ा रहे है। ऐसे में बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला सामने आया है विकासखंड अंतर्गत ग्राम चांदो के आश्रित ग्राम सोयदा में संचालित प्राथमिक शाला सोयादा का। प्राथमिक शाला का संचालन वर्तमान में आंगनबाड़ी के भवन में किया जा रहा है। इस स्कूल में कुल 41 बच्चे पंजीकृत है और प्राथमिक शाला के लिए तीन शिक्षक पदस्त है। स्कूल का अपना भवन नहीं होने के कारण बच्चे एक कमरे में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर है जबकि इस स्कूल के नाम पर भवन निर्माण की स्वीकृति मिली थी और राशि भी स्वीकृत हो गई थी। बताया जा रहा है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्कूल भवन निर्माण के लिए राशि जारी की गई और फिर निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई। स्कूल भवन निर्माण के नाम पर पुराने जर्जर स्कूल भवन को तोड़ दिया गया लेकिन टेंडर होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया बाद में राशि वापस चली गई और अब बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। 41 बच्चे एक छोटे से कमरे में बैठकर पढ़ाई कर रहे है। शिक्षकों का कहना है कि कमरा छोटा होने के कारण कई बार बच्चों को भवन के बाहर खुले आसमान के नीचे बैठाकर पढ़ाना पड़ता है तो कभी शिक्षकों के बैठने वाले टेबल कुर्सी को हटाकर बच्चों को पढ़ाना पद रहा है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आंगनबाड़ी भवन में संचालित हो रहे स्कूल की जानकारी उच्च अधिकारियों को कई बार दी गई लेकिन अब तक भवन निर्माण का कार्य नहीं हो पाया। इस संबंध में बीईओ प्रदीप राय ने बताया कि शासन स्तर स्कूल जतन योजना के तहत भवन स्वीकृत किया गया था लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं होने कारण टेंडर निरस्त कर दिया गया कर दिया गया। स्कूल निर्माण एवं देखरेख में शिक्षा विभाग का कोई भूमिका नहीं रहती।



## समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाएं नए कानून की जानकारी : एसपी

**सूरजपुर।** देशभर में 3 नए आपराधिक कानून अमल में आ चुके है। इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने एवं जन-जन तक नए कानूनों की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार को लेकर कलेक्टर रोहित ब्यास, पुलिस अधीक्षक एमआर.आहिरे द्वारा आज पत्रकारों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस विषय पर चर्चा की। कलेक्टर रोहित ब्यास ने कहा कि 1 जुलाई से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है। पुराने कानून की जगह अब नए कानून लागू हो चुका है उसकी जानकारी समस्त लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। आज अधिक संख्या में लोग सोशल मीडिया, समाचार पत्रों को पढ़कर जागरूक हो रहे है। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। पुलिस अब आरोपी को 90 दिन तक हिरासत में रख सकती है पहले ये अवधि 15 दिन थी। पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। बीएनएसएस के चैप्टर 13 के सेक्शन 173 में प्रावधान है कि पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर प्रथम सूचना पत्र लिखने से पहले अपने सीनियर ऑफिसर से अनुमति लेकर 14 दिन की प्राथमिक जांच करनी होगी। यानी पुलिस अधिकारी को 14 दिन का समय मिलेगा, जिसमें वो तय करेगा कि मामले में प्रथम दृष्टया केस बनता है या नहीं। प्रत्येक दिवस पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी सभी थाना-चौकी व पुलिस कंट्रोल रूम के नोटिस बोर्ड में चस्पा किए जाने के बारे में बताया। उन्होंने नवीन तीनों कानून के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों तक नए कानून की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करें। एएसपी संतोष महतो ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत जांच के दौरान पुलिस किसी भी आरोपी को उसके डिजिटल डिवाइस दिखाने और उन्हें सौंपने के लिए बाध्य कर सकती है। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल डिवाइस यानी मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप आदि को सबूत के तौर पर परिभाषित किया गया है। एसडीओपी नंदिनी ठाकुर ने नए कानून के तहत जांच करने की शक्ति के बारे में बताया और कहा कि पुलिस को किसी मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। पुलिस मामले से जुड़े सबूतों, बयानों और वस्तुओं को भी इकट्ठा कर सकती है। साथ ही न्यायालय पुलिस को मामले की जांच करने के लिए आदेशित कर सकती हैं। इस दौरान सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, अरूण नेताम, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप मौजूद रहे।



# पौधरोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा हमारा मौलिक कर्तव्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- एसपी ने कहा- पौध रोपण करना स्वस्थ पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक

जिला मुख्यालय में स्थित शिव पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास एवं पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे द्वारा पौधा रोपण किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि पौध रोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण वन, वन्यजीव, झील, नदी इत्यादि की रक्षा को संविधान में देश की जनता के मौलिक कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने के हर संभव उपाय करना चाहिए। पृथ्वी के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अपनी माता के साथ या माता के नाम पर या माता को श्रद्धांजलि देते हुए कम से कम एक पेड़ तो अवश्य लगाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अहीरे ने कहा कि पौध रोपण करना स्वस्थ पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक है। इससे न केवल पर्यावरण की वायु शुद्ध होती है बल्कि वन्य जीव जंतुओं को आवास भी मिलता है। उन्होंने कहा कि जिस गति से जंगल का विनाश हो रहा है उस गति से पौध रोपण नहीं किया जा रहा है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, सूनिल अग्रवाल, प्रवेश गोयल सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि तथा वनविभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### स्काउट गाइड के छात्रों ने किया पौधरोपण



**प्रतापपुर।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छीर महुआ संकुल केंद्र डांडकरवा परिसर में रोवर लीडर विनय कुमार तिवारी के नेतृत्व में स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा बरगद, पीपल, नीम, आम, अमरूद, कटहल, मुनगा आदि विभिन्न प्रजाति के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही सभी द्वारा पौधे की सुरक्षा का शपथ लिया गया।पौधो की सुरक्षा हेतु ईट से घेराव किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक अशोक कुमार गुप्ता, प्रधान पाठक अशोक कुमार गुप्ता, शिक्षक कुबेर राठिया सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

